राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने नई दिल्ली में आज लोकसभा अध्यक्ष माननीया श्रीमती सुमित्रा महाजन से मुलाकात की

पटना, 05 अक्टूबर 2018

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने आज नई दिल्ली में लोकसभा की अध्यक्ष माननीया श्रीमती सुमित्रा महाजन से शिष्टाचार मुलाकात की। बिहार के राज्यपाल का पद ग्रहण करने के बाद, लोकसभा अध्यक्ष से राज्यपाल की यह प्रथम मुलाकात थी। राज्यपाल ने लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती महाजन को पुष्प–गुच्छ भेंट किया, जबकि श्रीमती महाजन ने राज्यपाल को 'भारतीय संविधान' की एक प्रति भेंट की।

मुलाकात के दौरान, राज्यपाल श्री टंडन को लोकसभा अध्यक्ष ने बिहार के राज्यपाल के रूप में राज्य को कुशल मार्ग–दर्शन प्रदान करने के लिए शुभकामनाएँ दी।

यह शिष्टाचार–मुलाकात लोकसभा अध्यक्ष के सरकारी निवास (20, अकबर रोड) पर सम्पन्न हुई।

....